# बैंक के पुराने अभिलेख विक्रय के लिए वेण्डर्स को सूचीबद्ध करने हेतु निविदा

| S.No | Date of Commencement | Detail |
|---|---|---|
| 1. | Opening date and time for Tender | **04.06.2024** |
| 2. | Last date and time for submission | **26.06.2024 upto 02.00 pm** |
| 3. | Date and Time of Pre Bid Meeting | **11.06.2024 at 11:00 am** |
| 4. | Date and Time of Technical Bid Opening | **26.06.2024 at 03.30 pm** |
| 5. | Date and Time of Financial Bid Opening | **28.06.2024 at 03.00 pm** |
| 6. | Place of opening of Bids | **Baroda Rajasthan Kshetriya Gramin Bank Head Office Plot 2343, IInd Floor,Vaishali Nagar, Ajmer** |
| 7. | Address for communication | **Baroda Rajasthan Kshetriya Gramin Bank Head Office Plot 2343, IInd Floor,Vaishali Nagar, Ajmer 305004 Email:pe.ho@barodarajasthanrrb.co.in** |

बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, राजस्थान के 21 जिलों में 875 शाखाओं, 12 क्षेत्रीय कार्यालयों एवं एक ट्रेनिंग सेन्टर के साथ अग्रणी ग्रामीण बैंक है। बैंक प्रतिष्ठित, सक्षम एवं उक्त प्रकार के कार्य के अनुभवी निविदा दाताओं से हमारी बैंक की विभिन्न शाखाओं/कार्यालयों में स्थित पुराने अभिलेख को विक्रय करने के लिए, विभिन्न वेन्डर्स को सूचीबद्ध करने के लिए निविदाऐं आमंत्रित करता है। उक्त कार्यादे"ा सूचीबद्धता की अवधि से तीन वर्ष तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा जिसे बैंक द्वारा आवश्यक समझे जाने पर समान शर्तो पर आगे एक वर्ष हेतु बढाया जा सकता है।

शाखाओं /कार्यालयों की सूची बैंक की वेबसाईट www.brkgb.com पर उपलब्ध है।

**<u>निविदा की शर्तें निम्नानुसार है</u>** :–

1. तकनीकी निविदा, एनेक्जर –1 एक लिफाफे में एवं वितीय निविदा दूसरे लिफाफे में बन्द करें। संबंधित लिफाफे पर "तकनीकी निविदा" व "वित्तिय निविदा" शब्द अंकित करें। दोनों लिफाफों को एक बडे मुहरबंद लिफाफे में (जिस पर पुराने अभिलेख के निस्तारण हेतु निविदा ) बंद कर प्रेषित करें।
2. तकनीकी रूप से सही पाई गयी निविदाएं ही वित्तीय निविदा में शामिल की जावेगी।
3. सभी निविदाएं महाप्रबन्धक, बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, प्लाट नम्बर 2343, द्वितीय तल, वैशाली नगर, अजमेर–305004 को प्रेषित की जावे।
4. अन्तिम दिनांक व समय के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
5. अन्तिम दिनांक तक प्राप्त सभी निविदाएं मौके पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा में वर्णित स्थान व दिनांक को खोली जायेगी।
6. अर्नेस्ट मनी के रूप में निविदा के साथ रू 25000/–का डिमान्ड ड्राफ्ट जो "Baroda Rajasthan Kshetriya Gramin Bank" के नाम, अजमेर पर देय हो संलग्न करें। सफल निविदादाता की अर्नेस्ट मनी को सिक्योरिटी राशि के रूप में समायोजित किया जा सकेगा।
7. पुराना अभिलेख जिस शाखा/कार्यालय में स्थित है उसी शाखा/कार्यालय से उठाया जायेगा।
8. वजन उठाना/बारदाना खर्च/ट्रांसपोर्ट खर्च/लेबर चार्ज इत्यादि सभी खर्चे फर्म द्वारा वहन किये जायेंगे।
9. शाखा/कार्यालय से फर्म द्वारा उठाये गये पुराने रिकार्ड की रसीद मौके पर ही दी जायेगी एवं इसके विरूद्ध भुगतान नकद (Cash) या NEFT/RTGS द्वारा मौके पर ही किया जायेगा।
10. फर्म द्वारा पुराने अभिलेखों की पल्प लुगदी बनाने का सर्टिफिकेट क्रय दिनांक से अधिकतम 15 दिनों के अन्दर जारी कर उपलब्ध करवाया जायेगा।
11. निविदादाता के द्वारा दी गई जानकारी/सूचना के किसी भी समय गलत पाये जाने पर अर्नेस्ट मनी के रूप में दी गई राशि को जब्त कर, निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा।

12. फर्म को उपरोक्त प्रकार के कार्य का न्यूनतम तीन वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए। जिसके लिए विगत पॉच वर्षो (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) मे से किन्ही भी तीन वर्षो में किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी/बैंक/वित्तीय संस्थान में किये गये कार्य का कार्यादेश/कार्य पश्चात संतुष्टि प्रमाण पत्र/बिल तथा भुगतान प्राप्ति का प्रमाण संलग्न करें।
13. बैंक को किसी भी निविदा को स्वीकार करने/निरस्त करने का अधिकार होगा। इस हेतु कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।
14. सफल निविदादाता से किये गये करार को करार अवधि के मध्य समाप्त करने का अधिकार बैंक को होगा। इस हेतु कारण बताना या किसी प्रकार का नोटिस देना आवश्यक नहीं होगा।
15. निविदादाता का रजिस्टर्ड/अधिकृत कार्यालय की सूची मय पूर्ण पते, मोबाईल नं. आदि के साथ संलग्न करें ।
16. फर्म का रजिस्टर्ड जीएसटी, पेन  नम्बर प्रति संलग्न करें।
17. फर्म का नाम, पूर्ण पता, फोटो, प्रोपराईटर, पार्टनर, सम्पर्क आदि का पूर्ण विवरण (केवाईसी दस्तावेजों के साथ) संलग्न करें। जिससे व्यक्ति की पहचान तथा पते का प्रमाण हो सके।
18. फर्म का नाम दिनाँक 01.04.2021 को तथा उसके पश्चात भारत सरकार/राज्य सरकार के विभाग, आई.बी.ए/ राष्ट्रीयकृत/ग्रामीण/स्टेट को–आपरेटिव/निजी क्षेत्र के बैंक की ब्लैक लिस्ट किए गए प्रतिष्ठानों की सूची में दृष्टिगोचर नहीं होना चाहिए। आपूर्तिकर्ता को इस आ"ाय की घोषणा रू  50/– के नॉनज्यूडि"ायल स्टाम्प पर अलग से देनी होगी। उक्त घोषणा गलत पाए जाने पर कम्पनी की निविदा निरस्त कर अर्नेस्ट मनी जब्त की जा सकती है। एक बार यदि किसी आपूत्तिकर्त्ता का नाम बैंक/संस्था की ब्लैक लिस्ट की सूची में दिनाँक 01.04.2021 को या उसके बाद आ गया हो तथा उसके पश्चात उनका नाम उक्त सूची से वर्तमान में हटा दिया गया हो तो भी वह फर्म इस निविदा हेतु पात्र नही माना जावेगा।
19. निविदादाता फर्म को इस आशय का घोषणा पत्र (स्टाम्पित) करार के समय बैंक को देना होगा कि शाखा/कार्यालय से प्राप्त पुराने अभिलेखो से सीधे ही लुगदी बनाई जायेगी तथा किसी भी अभिलेख का निस्तारण अन्य किसी भी प्रकार से किसी भी व्यक्ति/संस्थान को नही किया जायेगा।
20. सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर होगा।

**महाप्रबन्धक**

## वित्तीय निविदा

पुराने अभिलेख की क्रय दरें निम्न प्रारूप में आईटमवार अंकित करें :–

| क्र.स. | आईटम | दर प्रति क्विंटल |
|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर पेपर | |
| 2 | लेजर पेपर व रजिस्टर | |
| 3 | वाउचर व अन्य पुराना पेपर | |
| 4 | गत्ता फाईल व कवर | |
| 5 | मिक्स रिकॉर्ड | |
| 6 | प्लास्टिक | |
| 7 | लोहा | |

**उपरोक्त दरों में जीएसटी अतिरिक्त देय होगा।**

हस्ताक्षर मालिक / पार्टनर

दिनांक

**Annexure – 1**

**Application**

**The General Manager**
**Baroda Rajasthan Kshetriya Gramin Bank**
**Plot No 2343 2nd Floor**
**Vaishali Nagar, Ajmer 305004**

Sir,

**Reg : Our bid for Disposal of Bank's Old records as per Bank's requirement.**

**We submit our Bid Document here with.**

We understand that

- If our Bid for the above job is accepted, we undertake to enter into and execute at our cost, when called upon by the purchaser to do so, a contract in the prescribed form. Unless and until a formal contract is prepared and executed, this bid together with your written acceptance thereof shall constitute a binding contract between us.

- If our bid is accepted, we are responsible for the due performance of the contract.

- You may accept or entrust the entire work to one vendor or divide the work to more than one vendor without assigning any reason or giving any explanation whatsoever.

- Vendor means the bidder who is decided and declared so after examination of bids.

**Yours faithfully**

**Signature of authorized Signatory**
**Name of Signatory:**
**Designation:**
**Seal of Company:**
**Contact No:**

Date:
Place:

## तकनीकी निविदा शर्ते(केवल बैंक के उपयोग हेतु)

| क्र.स. | विवरण | टिप्पणी (प्रमाण पत्र संलग्न करें) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान में उक्त प्रकार के कार्य के लिए विगत पॉच वर्षो (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) मे से किन्ही भी तीन वर्षो में किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी/बैंक/वित्तीय संस्थान में किये गये कार्य का न्यूनतम तीन वर्ष के कार्यानुभव का प्रमाण पत्र | |
| 2 | निविदादाता का रजिस्टर्ड/अधिकृत कार्यालय/सेवा केन्द्र (कितने हैं, कहां हैं) | |
| 3 | फर्म का रजिस्टर्ड जीएसटी, पेन एवं टिन नम्बर (प्रति संलग्न करें) | |
| 4 | अमानत राशि के रूप में निविदा के साथ रू 25000/– का डिमान्ड ड्राफ्ट संलग्न करें | |
| 5 | फर्म का नाम, पूर्ण पता, प्रोपराईटर, पार्टनर, सम्पर्क आदि का पूर्ण विवरण(केवाईसी दस्तावेजों के साथ) | |
| 6 | फर्म का नाम दिनाँक 01.04.2021 को तथा उसके पश्चात भारत सरकार/राज्य सरकार के विभाग, आई.बी.ए/ राष्ट्रीयकृत/ग्रामीण/स्टेट को–आपरेटिव/निजी क्षेत्र के बैंक की ब्लैक लिस्ट किए गए प्रतिष्ठानों की सूची में नही होन का रू 50/– के नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प पर धोषणा पत्र। | |